**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1413**

**सोमवार, 09 फरवरी, 2026/20 माघ, 1947 (शक)**

**हिमाचल प्रदेश में ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण**

**1413. श्री सुरेश कुमार कश्यपः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) हिमाचल प्रदेश में, विशेषकर शिमला लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में, वर्ष 2023, 2024 और 2025 के दौरान ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित और गिग कार्यकर्ताओं की संख्या का विवरण क्या है;

(ख) उक्त कार्यकर्ताओं में से कितने कार्यकर्ताओं को ईएसआई, ईपीएफ, पीएम-श्रम योगी मानधन आदि जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ा गया है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) शिमला लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में ई-श्रम पंजीकरण हेतु कितने सुविधा/सहायता केन्द्र संचालित हैं; और

(घ) क्या आने वाले समय में पंजीकरण बढ़ाने और लाभों की प्रभावी सुपुर्दगी सुनिश्चित करने के लिए कोई विशेष कार्ययोजना प्रस्तावित की गई है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी विवरण क्या है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (घ): श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा असंगठित कामगारों के आधार से जुड़े एक व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस (एनडीयूडब्ल्यू) के सृजन के लिए दिनांक 26 अगस्त 2021 को ई-श्रम पोर्टल (eshram.gov.in) शुरू किया गया है। ई-श्रम पोर्टल का उद्देश्य असंगठित कामगारों को स्व-घोषणा के आधार पर एक यूनिवर्सल एकाउंट नंबर (यूएएन) प्रदान करके पंजीकृत करना और उनका समर्थन करना है।

ई-श्रम पोर्टल पर दिनांक 3 फरवरी 2026 तक की स्थिति अनुसार, हिमाचल प्रदेश राज्य में 20.16 लाख से अधिक असंगठित कामगारों सहित 31.50 करोड़ से अधिक असंगठित कामगार पहले से ही पंजीकृत हैं।

हिमाचल प्रदेश में शिमला लोकसभा क्षेत्र सहित ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित कामगारों और प्लेटफॉर्म आधारित गिग कामगारों की संख्या का वर्षवार ब्यौरा अनुबंध-I और अनुबंध-II में दिया गया है।

जारी.....2/-

ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित कामगारों के पंजीकरण के दिशानिर्देशों के अनुसार, कर्मचारी को कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) और कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) का सदस्य नहीं होना चाहिए। ई-श्रम के अंतर्गत पंजीकृत ऐसे असंगठित कामगारों का ब्यौरा अनुबंध-III में दिया गया है जो विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं।

ई-श्रम पहल के अंतर्गत पंजीकरण बढ़ाने और प्रवासी कामगारों और महिला कामगारों सहित देश भर में असंगठित कामगारों के व्यापक कवरेज को सुनिश्चित करने के लिए, सरकार द्वारा एक व्यापक रणनीति अपनाई गई है। वेब पोर्टल और मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से स्व-पंजीकरण को सक्षम करने के अलावा, कामगारों के लिए आसान पहुंच की सुविधा के लिए कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी), राज्य सेवा केंद्रों (एसएसके) और उमंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से सहायता सहित पंजीकरण मोड शुरू किया गया हैं। श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा लक्षित जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें पंजीकरण अभियान, सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम और स्थानीय रूप से तैयार किए गए संचार प्रयास शामिल हैं। आउटरीच को मजबूत करने के लिए, मंत्रालय द्वारा वीडियो, ट्यूटोरियल और अन्य सूचनात्मक सामग्री का प्रसार करने के लिए सोशल मीडिया चैनलों का उपयोग किया जाता है, इससे पहल और अधिक सुलभ और आकर्षक बन जाती है।

असंगठित कामगारों के लिए ई-श्रम और इससे जुड़ी सेवाओं की उपलब्धता तथा पहुंच को और बढ़ाने के लिए, श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा आधिकारिक तौर पर दिनांक 24 फरवरी 2025 को ई-श्रम मोबाइल एप्लिकेशन शुरू किया गया है। यह एप्लिकेशन ई-श्रम प्लेटफॉर्म के साथ एकीकृत कल्याणकारी योजनाओं तक रियल टाइम पहुंच की सुविधा प्रदान करता है, जिससे पहुंच और उपयोगकर्ता सुविधा दोनों को काफी मजबूती मिलती है।

***

*****

**अनुबंध-I**

**"हिमाचल प्रदेश में ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण" के संबंध में श्री सुरेश कुमार कश्यप द्वारा दिनांक 09.02.2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1413 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

हिमाचल प्रदेश में शिमला लोकसभा क्षेत्र सहित ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित कामगारों की संख्या का वर्षवार ब्यौरा:

| क्रम संख्या | जिला | 2023 | 2024 | 2025 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बिलासपुर | 1,398 | 1,570 | 1,669 |
| 2 | चंबा | 1,661 | 1,823 | 1,736 |
| 3 | हमीरपुर | 2,220 | 2,181 | 1,831 |
| 4 | कांगड़ा | 7,623 | 7,833 | 7,314 |
| 5 | किन्नौर | 235 | 255 | 261 |
| 6 | कुल्लू | 2,185 | 2,090 | 1,831 |
| 7 | लाहौल और स्पीति | 119 | 164 | 84 |
| 8 | मंडी | 3,782 | 4,544 | 4,309 |
| 9 | शिमला | 2,182 | 3,088 | 2,420 |
| 10 | सिरमौर | 1,819 | 2,722 | 2,506 |
| 11 | सोलन | 2,853 | 3,488 | 3,793 |
| 12 | ऊना | 2,733 | 2,718 | 2,540 |

**अनुबंध-II**

**"हिमाचल प्रदेश में ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण" के संबंध में श्री सुरेश कुमार कश्यप द्वारा दिनांक 09.02.2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1413 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

हिमाचल प्रदेश में शिमला लोकसभा क्षेत्र सहित ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत प्लेटफॉर्म आधारित गिग कामगारों की संख्या का वर्षवार ब्यौरा:

| क्रम संख्या | जिला | 2023 | 2024 | 2025 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बिलासपुर | 3 | 3 | 40 |
| 2 | चंबा | 2 | 1 | 69 |
| 3 | हमीरपुर | 6 | 4 | 59 |
| 4 | कांगड़ा | 20 | 5 | 240 |
| 5 | किन्नौर | 0 | 0 | 5 |
| 6 | कुल्लू | 1 | 1 | 39 |
| 7 | लाहौल और स्पीति | 1 | 0 | 1 |
| 8 | मंडी | 3 | 4 | 127 |
| 9 | शिमला | 8 | 6 | 95 |
| 10 | सिरमौर | 3 | 3 | 79 |
| 11 | सोलन | 13 | 2 | 184 |
| 12 | ऊना | 6 | 7 | 80 |

**अनुबंध-III**

**"हिमाचल प्रदेश में ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण" के संबंध में श्री सुरेश कुमार कश्यप द्वारा दिनांक 09.02.2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1413 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

हिमाचल प्रदेश में ई-श्रम पोर्टल पर वर्ष 2023, 2024 और 2025 में पंजीकृत और हिमाचल प्रदेश में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित असंगठित कामगारों सहित प्लेटफार्म आधारित गिग कामगारों का ब्यौरा:

| **योजना** | **नामांकन की संख्या (2023)** | **नामांकन की संख्या (2024)** | **नामांकन की संख्या (2025)** |
|---|---|---|---|
| वन नेशन वन राशन कार्ड (ओएनओआरसी) | 9,311 | 11,014 | 11,307 |
| आयुष्मान भरत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) | 5,089 | 2,622 | - |
| प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) | 5,812 | 4,144 | 2,340 |
| विकसित भारत-रोजगार गारंटी और आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जीआरएएम जी) | 2,926 | 2,732 | 2,084 |
| प्रधानमंत्री किसन सम्मान निधि (पीएम-किसान) | 1,184 | 679 | 538 |
| प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) | 1,867 | 663 | - |
| प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) | 28 | 27 | 19 |
| प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएमस्वनिधि) | 17 | 66 | 31 |
| प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) | 59 | 71 | 1 |
| प्रधानमंत्री आवास योजना-अर्बन (पीएमएवाई-यू) | 14 | 8 | 7 |
| इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना (आईजीएनडब्ल्यूपीएस) | 3 | 3 | 4 |
| इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांगता पेंशन योजना (आईजीएनडीपीएस) | - | 1 | - |
| प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) | 4 | 1 | - |

*****